75वें स्वतंत्रता दिवस की प्रमुख पहलें

sanskritiias.com/hindi/news-articles/major-initiatives-of-75th-independence-day

(प्रारंभिक परीक्षा : विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्न)
(मुख्य परीक्षा : सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र 2 - सरकारी नीतियों, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न क्षेत्रों के लिये हस्तक्षेप से संबंधित प्रश्न)

संदर्भ

- 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दौरान विभिन्न पहलों की घोषणा की।
- साथ ही, अगले 25 वर्षों के लिये नये संकल्पों के साथ भारत को शानदार बनाने का भी आह्वान किया है।
- स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले प्रधानमंत्री द्वारा 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई।

प्रमुख पहलें

राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन

- यह मिशन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये प्रारंभ किया गया है।
- यह देश में ऊर्जा क्षेत्र प्रबंधन, कार्बन उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के साथ-साथ आर्थिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है।
- मिशन का उद्देश्य हाइड्रोजन ऊर्जा का उपयोग कर हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।
- यह मिशन भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात के लिये एक वैश्विक केंद्र बनाने का प्रयास करता है।
- भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिये सालाना 12 ट्रिलियन रुपए खर्च करता है।

चावल संवर्द्धित (Fortified) योजना

- प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2024 तक विद्यालयों में ‘सार्वजनिक वितरण प्रणाली’ (P.D.S.) और ‘मध्याह्न भोजन’ सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ‘संवर्द्धित चावल’ (Fortified Rice) वितरित किये जाने की घोषणा की।
- देश में महिलाओं तथा बच्चों में कुपोषण के उच्च स्तर को कम करने के लिये यह पहल महत्त्वपूर्ण है।
- खाद्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में हर दूसरी महिला एनीमिया से पीड़ित है तथा हर तीसरा बच्चा अविकसित या बौनापन का शिकार है।
- ग्लोबल हंगर इंडेक्स (G.H.I.) में भारत 107 देशों की सूची में 94वें स्थान पर है और इसे भुखमरी की ‘गंभीर श्रेणी’ में रखा गया है।
- मंत्रालय के अनुसार, महाराष्ट्र और गुजरात ने फरवरी, 2020 से पायलट योजना में पी.डी.एस. के तहत फोर्टिफाइड चावल का वितरण शुरू कर दिया है।
- संवर्द्धित चावल में आयरन, विटामिन बी12, फोलिक एसिड भरपूर मात्रा में होता है। इन तीनों की अच्छी मात्रा होने के कारण इसकी पोषण मात्रा भी काफी अधिक होती है।

गति शक्ति मास्टर प्लान

- इस परियोजना को भविष्य में युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर के रूप में पेश किया गया है।
- यह ‘समग्र बुनियादी ढाँचे’ के विकास के लिये 100 लाख करोड़ रुपए की परियोजना है।
- इसके माध्यम से स्थानीय निर्माताओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने और भविष्य के नए आर्थिक क्षेत्रों की संभावनाओं को विकसित करने में मदद मिलेगी।

वंदे भारत ट्रेन

- 75 वंदे भारत ट्रेनें आजादी के अमृत महोत्सव को चिंहित करने के लिये 75 सप्ताह में देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ेंगी।
- विदित है कि वंदे भारत, स्वदेशी निर्मित सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है।

स्वयं सहायता समूह के लिये ई-कॉमर्स प्लेटफार्म

- यह डिजिटल प्लेटफार्म स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को देश-विदेश में बेचने में मदद करेगा।
- गाँवों में 8 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं तथा वे शीर्ष उत्पादों का निर्माण करती हैं।

लड़कियों के लिये सैनिक विद्यालय

- देश के सभी सैनिक स्कूलों में अब लड़कियाँ भी दाख़िला ले सकेगीं।
- वर्तमान में भारत में 33 सैनिक स्कूल हैं।
- सर्वप्रथम मिज़ोरम के सैनिक स्कूल में लड़कियों को दाखिला दिया गया था।
- सैनिक स्कूलों का संचालन सैनिक सोसाइटी करती है, जो रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आती है।
- सैनिक स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य छात्रों को कम उम्र से ही भारतीय सशस्त्र बलों में प्रवेश के लिये तैयार करना था।